ई मेल द्वारा
अति महत्वपूर्ण/अनुस्मारक

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त
राजकीय/अनुदानित /निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप/अनु0–6/समसेमे0परी0/जून–2023/1255 लखनऊः दिनांकः 13-06-23

विषयःपरिषद द्वारा आयोजित आगामी सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर/सप्लीमेन्ट्री (विशेष बैक पेपर परीक्षा) जून–2023, में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन भराये जाने की अन्तिम तिथि निर्धारित किये जाने विषयक।

महोदय,

कृपया आप अवगत ही है कि परिषद द्वारा आयोजित आगामी सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर/सप्लीमेन्ट्री (विशेष बैक पेपर परीक्षा) जून–2023 परीक्षा दिनांक 28 जून, 2023 से प्रारम्भ होना निर्धारित है। परिषद कार्यालय के पत्रांक संख्या प्राशिप/अनु0–6/सम0सेमे0परी0/2023/ 874 दिनांक 18 मई, 2023 द्वारा आगामी सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर/सप्लीमेन्ट्री (विशेष बैक पेपर परीक्षा) जून–2023 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदनपत्र भराये जाने हेतु दिनांक 31/05/2023 तक तिथि निर्धारित की गयी थी, परन्तु कतिपय संस्थाओं से प्राप्त आवेदन पत्रों के अनुसार उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदनपत्र ऑनलाइन भराये जाने से छूट गये है।

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि छात्र हित के दृष्टिगत छूटे हुए छात्र/छात्राओं को अन्तिम अवसर देते हुए ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भराये जाने हेतु लिंक अन्तिम रूप से दिनांक **14 जून, 2023 से 16 जून, 2023 तक** खोला जा रहा है। साथ ही यहॉ यह भी अवगत कराना है कि परिषद द्वारा विषम सेमेस्टर परीक्षा, दिसम्बर–2022 के पुनर्मूल्यांकन/स्क्रूटनी का परीक्षा परिणाम घोषित किया जा चुका है। घोषित परिणाम में उत्तीर्ण विषयों को सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर/सप्लीमेन्ट्री (विशेष बैक पेपर परीक्षा) जून–2023 के परीक्षाफार्म से हटा दिया गया है।

अतः प्राथमिकता के आधार पर उपरोक्तानुसार ऑनलाइन आवेदनपत्रों की प्रविष्टि का कार्य दिनांक **16 जून, 2023** तक प्रत्येक स्थिति में पूर्ण करते हुए परीक्षा शुल्क का मूल चालान एवं आवेदनपत्रों की हार्डकापी के साथ सॉफ्ट कापी पेन ड्राइव में स्टोर करके निर्धारित प्रारूप पर संलग्न करते हुए परिषद कार्यालय के अनुभाग–6 में दिनांक 22 जून, 2023 तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें। ताकि उक्त परीक्षा से सम्बन्धित प्रवेश पत्र एवं वेरिफिकेशन फार्म समयान्तर्गत संस्था लॉगिन पर उपलब्ध करायें जा सकें। उपरोक्त निर्धारित तिथि 16 जून, 2023 के पश्चात किसी भी दशा में तिथि विस्तारित नहीं की जायेगी एवं बिना परीक्षाफार्म भरे किसी भी छात्र–छात्राओं को परीक्षा में सम्मिलित नहीं कराया जायेगा। अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित संस्था प्रधानाचार्य का होगा।

भवदीय,

13.6.23

(राकेश वर्मा)
सचिव।

पृ0सं0: प्राशिप / अनु0–6 / समसेमे0परी0 / जून–2023 / 1256-58 **तद्दिनांकः** 13-06-23

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
2. समस्त क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश।
3. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं उक्त सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

13.6.23

(राकेश वर्मा)
सचिव।